दिन –शुक्रवार दिनांक– 30 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रोहतास के बिक्रमगंज में अड़तालीस हजार पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक की विद्युत, सड़क, रेल और शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने बिहार सहित पूर्वी भारत में बिजली आपूर्ति को मजबूत करने के लिए एनटीपीसी के नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के स्टेज–दो का शिलान्यास किया। स्टेज–दो के तहत आठ सौ मेगावाट की तीन नई ईकाईयां स्थापित की जाएगी। इससे प्लांट की कुल क्षमता बढ़कर चार हजार तीन सौ अस्सी मेगावाट हो जाएगी। इसके निर्माण पर उनतीस हजार नौ सौ अड़तालीस करोड़ रूपए खर्च होंगे। श्री मोदी ने एनएच– नौ सौ बाईस पर बक्सर और भरौली के बीच गंगा नदी पर पुल के निर्माण और हार्डिंग पार्क, पटना में पांच टर्मिनल प्लेटफॉर्म का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने सासाराम–अनुग्रह नारायण रोड के बीच स्वचालित सिग्नलिंग और सोन नगर–मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेललाइन भी राष्ट्र को समर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, राजवी रंजन सिंह, चिराग पासवान और नित्यानंद राय के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

——————————————————————

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार राज्य के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बेहतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बिहार शांति और प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री के बिहार आगमन पर धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि राज्य के तेज विकास में केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जा रही है।

——————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई अडिग है और कभी नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का खतरा सीमापार से हो या देश के भीतर से उसे कुचलने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। श्री मोदी ने आज रोहतास के बिक्रमगंज में कहा कि पाकिस्तान और दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के अभूतपूर्व साहस और पराक्रम को देख लिया है। श्री मोदी ने सारण जिले के बीएसएफ के सब–इंस्पेक्टर शहीद मोहम्मद इम्तियाज के सर्वोच्च बलिदान को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दुश्मन को समझना चाहिए कि यह हमारे तरकश का केवल एक तीर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद हो या नक्सलवाद देश के दुश्मनों से तेजी से निर्णायक रूप से निपटा जाएगा।

———————————————————————

संयुक्त राष्ट्र में उप–महासचिव जीन पियरे लैक्रोइक्स ने शांति स्थापित करने वाले अभियानों में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि भारत का योगदान सैन्य तैनाती से आगे जाकर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढावा देने के लिए आवश्यक है। जीन पियरे ने कहा कि भारत न केवल सैन्य बल और पुलिस की तैनाती के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध करने वालों को भी न्याय के कटघरे में लाता है। उन्होंने कहा कि भारत शांति अभियान का नेतृत्व करके जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयासों को भी बढ़ावा देता है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज राज्य के कई जिलों में वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं, राज्य के दक्षिणी जिलों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी रहने की संभावना है। इधर, विभाग ने गया, कैमूर और औरंगाबाद जिले के कुछ भागों में अगले दो से तीन घंटों के दौरान वज्रपात के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।